



# फाइनल में खेलना बेहतरीन पलों में एक

## टी20 विश्वकप सेफा में विजयी पारी खेलने वाले सैमसन ने कहा

### रविवार को टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच होगा मुकाबला

**कोलकाता, 06 मार्च. टी-20 विश्वकप के सुपर आठ और सेमीफाइनल मुकाबले में मैच विजयी पारी खेलने वाले भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि फाइनल में खेलना मेरे सबसे बेहतरीन पलों में एक है. सैमसन रविवार को अपना पहला विश्व कप फाइनल खेलेंगे.**

सैमसन ने अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले विश्वकप फाइनल को लेकर कहा, 'यह मेरे जीवन के सबसे बेहतरीन पलों में से एक है. मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं. मैं इस प्रारूप बहुत लंबे समय से खेल रहा हूं. मैंने लगभग 300 या 400 टी-20 (328) खेले हैं. मैंने एक से लेकर छह नंबर तक के क्रम में बल्लेबाजी की है. मैंने आईपीएल फ्रैंचाइजी 'राजस्थान रॉयल्स' की कप्तानी भी की है. इसलिए मुझे अनुभव है कि किस समय टीम को क्या चाहिए और इस एकादश में मेरी सटीक भूमिका क्या है. वही स्पष्टता आपको अपने तरीके से रन बनाने में मदद करती है.'



संजू सैमसन ने पिछले रविवार वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 और फिर गुरुवार शाम सेमीफाइनल में इंग्लैंड के विरुद्ध 89 रन बनाकर लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता. वेस्टइंडीज के खिलाफ सैमसन ने शुरुआत में ही समझ लिया था कि इस पिच पर कम से कम 250 का स्कोर करना होगा.

उन्होंने कहा, 'यह मैच पूरी तरह अलग था. जब आप वानखेड़े में पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो आपको पता होता है कि यहां कोई भी स्कोर काफी नहीं होता. इसलिए जब मुझे शुरुआत मिल गई, तो मैं उसका लाभ उठाना चाहता था. मैं जितने अधिक छक्के और चौके लगा सकता था, लगाने का प्रयास किया. मैच पावरप्ले में ही जीता और हारा जाता है. इसलिए जब आप तीन या चार गेंदें देख लेते हैं, तो फिर हमला शुरू कर देते हैं. कभी नतीजा आपके खिलाफ जाता है और कभी आप जीतते हैं. लेकिन आप अपने स्वभाव या गेमप्लान को नहीं बदल सकते क्योंकि हमारे पास नंबर आठ तक बल्लेबाजी कर है. इसलिए अगर आपका दिन है तो टीम को आगे ले जाओ, नहीं तो दूसरों का साथ दो.'

> उन्होंने कहा, 'जब कठिन समय आया, तो मेरे करीबी लोग मेरे साथ थे. मैंने अपनी सारी खिड़कियां बंद कर दीं, मैंने अपना फोन बंद कर दिया. मैं सोशल मीडिया पर नहीं था. अभी भी सोशल मीडिया पर नहीं हूं. इसलिए कम शोर, कम लोग मुझसे बातचीत कर रहे थे. इससे मुझे सही दिशा में ध्यान लगाने में बहुत मदद मिली और मैं बहुत खुश हूं कि चीजे जैसे आगे बढ़ रही हैं.

**बहुत खुशकिस्मत हूं...**

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि मैंने दो शतक नहीं गंवाए. मैंने 97 और 89 बनाए हैं, यह बहुत बड़ी बात है. कभी-कभी अतीत में मैं बदकिस्मत रहा हूं, लेकिन कभी-कभी किस्मत भी आपके पक्ष में काम करती है. मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मुझे यह अवसर मिला है, इसलिए अब इसे पकड़कर रखना चाहता हूं.'



# भारतीय फुटबॉल टीम जापान से भिड़ेगी

## महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026

- पर्थ के रेक्टेंगुलर स्टेडियम में होगा मुकाबला
- जापान को ब्लू टाइग्रेसेस पर बढ़त मिली है


**पर्थ, (ऑस्ट्रेलिया) 06 मार्च (वार्ता) भारतीय सीनियर महिला नेशनल टीम शनिवार को रेक्टेंगुलर स्टेडियम में एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के अपने दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में मजबूत जापान से भिड़ेगी.**

फीफा महिला वर्ल्ड रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज जापान को ब्लू टाइग्रेसेस (67वें स्थान पर) पर साफ बढ़त मिली है, क्योंकि उसने पिछले तीनों मैच जीते हैं.

नादेशिको ने इन तीन मैचों में 19 बार गोल किए हैं. वहीं अपने पहले मैच में वियतनाम से 1-2 से हारने के बावजूद भारत अभी ग्रुप में तीसरे स्थान पर है. भारत को वियतनाम के खिलाफ मैच में मिली हार से उबरने के लिए दो दिन मिले हैं और जापान के खिलाफ मुकाबले के लिए अपने खिलाड़ियों को अच्छी हालत में वापस लाना मुख्य कोच अमेलिया वाल्वर्डे की प्राथमिकताओं की सूची में सबसे ऊपर है. वाल्वेर्डे ने कहा, 'हम जानते हैं कि जापान एक ऐसी टीम है जो बहुत जोश के साथ पज़ेशन रखना पसंद करती है. उन्हें गेम पर हावी होना पसंद है, लेकिन हमें अपना गेम स्वयं तैयार करना होगा. हमें उम्मीद है कि हम शानदार प्रदर्शन करेंगे, फिर से बहुत कॉम्पिटिटिव होंगे, जैसा हम पिछले बुधवार को थे. हम गेम के पहले मिनट से ही कोशिश करेंगे. हमें अपनी एनर्जी अपनी टीम पर फोकस करने की आवश्यकता है.

**एक नजर में**

## बहु-खेल विकास कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा



**जम्मू.** क्रिकेटर शिखर धवन द्वारा स्थापित 'दा वन स्पोर्ट्स' ने छात्रों के लिए बहु-खेल विकास कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है. इसके लिए पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिला स्थित जंगलोट के आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ रणनीतिक साझेदारी की है. यह पहल क्षेत्र में जमीनी स्तर पर खेल शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. इससे युवा एथलीटों को पेशेवर प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे. योग्य कोचो द्वारा अनुशासन, आत्मविश्वास और बेहतर प्रदर्शन को निखारने के लिए तैयार यह कार्यक्रम कई खेलों में प्रशिक्षण दिया जायेगा. इनमें क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस और गोल्फ शामिल हैं. 'दा वन ग्रुप' के अध्यक्ष शिखर धवन ने कहा, 'भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने के लिए अनुशासन, अवसर और युवा एथलीटों के विकास के लिए सही माहौल की मजबूत नींव की आवश्यकता होती है, विशेषकर जम्मू-कश्मीर जैसे क्षेत्रों में जरूरी है, जहां संभावनाएं असीमित हैं.' 'दा वन ग्रुप' की मुख्य कार्यकारी अंशिता गुप्ता ने कहा, 'हमें आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है. यह ऐसा संस्थान है, जो अनुशासन, उत्कृष्टता और खेल उपलब्धियों की भारतीय सेना की दीर्घकालिक विरासत को दर्शाता है. सैन्य प्रतिष्ठान दशकों से भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र में सबसे आगे रहे हैं. उन्होंने ऐसे एथलीट तैयार किये हैं, जो लचीलापन, चरित्र और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक हैं.'



## बांग्लादेश ने पाक के खिलाफ की टीम घोषित

**ढाका.** बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ 11 मार्च से शुरू हो रही तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है. बांग्लादेश चयन समिति के अध्यक्ष गाजी अशरफ ने बताया कि अफिफ हुसैन को टीम में वापस बुलाया है. हुसैन ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में एकदिवसीय मैच खेला था, महिदुल इस्लाम को टीम में बरकरार रखा गया है. इसके अलावा लिटन दास भी खराब फॉर्म के बावजूद टीम में जगह बनाए हुए हैं. चोटिल नुरुल हसन, जैकर अली अनिक और शमीम हुसैन बाहर हो गए हैं. इन दोनों के महीने के आखिर तक पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद है. हुसैन ने स्पष्ट किया, 'लिटन दास के हालिया एकदिवसीय फॉर्म पर सवाल हो सकते हैं, लेकिन वह अपने खेल पर कोचों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं. हमें लगता है कि वह जल्द ही इस प्रारुप में अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं और हम मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने के लिए उन्हें एक ऑप्शन के तौर पर देख रहे हैं. अफिफ़ के पास अनुभव है और वह अभी अच्छी लय में दिख रहे हैं. महिदुल इस्लाम को रिटेन किया गया है और यह उनके लिए अपनी काबिलियत को पूरा करने का एक अच्छा मौका है.'

## टी20 वर्ल्डकप फाइनल के लिए अंपायर की घोषणा

**दुबई.** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को पूर्व चैंपियन भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद में होने वाले टी-20 विश्वकप क्रिकेट मैच के फाइनल मुकाबले के लिए अधिकारियों के नाम की घोषणा कर दी है. आईसीसी ने कहा है कि इंग्लिश जोड़ी रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन-फील्ड अंपायर होंगे. इलिंगवर्थ लगातार दूसरे पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल की जिम्मेदारी संभालेंगे, इससे पहले 2024 में क्रिस गैफनी के साथ अंपायर रहे थे. इससे पहले वे आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 फाइनल और आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल में भी अंपायर रह चुके हैं. उनके साथ उनके हमवतन व्हार्फ भी हैं, जो अपने पहले सीनियर आईसीसी वर्ल्ड कप फाइनल की देखरेख करेंगे. पिछले साल एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ अंपायर में शामिल होने से पहले, व्हार्फ आईसीसी विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2022 और आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में अंपायर रह चुके हैं.

# अवसर बढ़ाने का हिस्सा खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स

## केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा-

**नयी दिल्ली, 06 मार्च. केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के तीन शहरों में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 'अवसर और दायरे को बढ़ाने का हिस्सा' है.**



छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में 26 मार्च से छह अप्रैल तक होने वाले पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में सात पदक स्पर्धाएं एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती होंगी. इसके अलावा दो डेमो गेम मल्लखंभ और कबड्डी भी आयोजित किए जाएंगे. खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) में भारत के अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे.

डॉ. मांडविया ने कहा, 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स हमारे बढ़ते हुए प्रयासों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य हर उस युवा को अवसर और मंच प्रदान करना है जो खेलना चाहता है. यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन का हिस्सा है, और इस यात्रा में खेलों की बहुत बड़ी भूमिका है. उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों से प्रतिभाओं को सामने लाना बेहद अहम है और हमारे खिलाड़ी आधार का लगातार विस्तार समय की आवश्यकता है.

> उल्लेखनीय है कि पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) का लोगो, थीम सॉन्ग और मैस्कॉट 23 दिसंबर को बिलासपुर के बी. आर. यादव स्पोर्ट्स स्टेडियम में औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया था. इस समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी मौजूद थे.

## वेकिक इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में



**इंडियन वेल्स.** क्रोएशिया की टेनिस खिलाड़ी डोना वेकिक ने बीएनपी परिबास ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले में टेरेजा वैलेंटोवा को हराकर अगले दौर में जगह बना ली है. इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन के स्टेडियम 3 में गुरुवार को क्रोएशियाई वेकिक ने दो घंटे 38 मिनट के रोमांचक मुकाबले में कनाडा की वैलेंटोवा को 7-6(4), 7-6(4) से हराया. क्रोएशियाई खिलाड़ी ने अक्टूबर में चेन्नई ओपन के बाद अपनी पहली टूर-लेवल जीत हासिल की. दूसरे राउंड में वेकिक का सामना जेसिका पेगुला से होगा.



# सदरलैंड-हैमिल्टन ने भारत को 198 पर रोका

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) 06 मार्च. ऐनाबेल सदरलैंड (चार विकेट) और लूसी हैमिल्टन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शुक्रवार को खेले जा रहे एकमात्र दिन रात्रि टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 198 के स्कोर पर रोक दिया.**

डिनर के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 14 रन जोड़कर अपने दोनों विकेट गंवा दिये. सायली सातघरे (सात) को सदरलैंड ने आउट किया. इसके बाद 63वें ओवर की चौथी गेंद पर डार्सी ब्राउन ने क्रांति गौड़ (एक) को आउटकर 198 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया.


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ / प) खरगोन संभाग खरगोन

web site : www.mp.gov.in/pwdmp / E-mail: eepwdkhargone@mp.nic.in / Phone No. 07282-231213

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 35 / व.ले.लि. / 2025 2026 — खरगोन / दिनांक 27/02/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देख जा सकता है।

| स क्र | टेंडर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2 | 2026_PWDRB 486139_1 | उपसंभाग बडवाह के अंतर्गत सापट थरवर मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण कार्य लंबाई 3.30 कि.मी.। (द्वितीय आमंत्रण) | 247.79 | 247790 | 15000 | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| | | योग | 247.79 | | | | |

1. निविदा प्रपत्र से संबंधित समस्त विवरण बिना शुल्क के वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता हैं। ऑनलाईन पेमेंट करने के पश्चात बिड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. निविदा प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। 1 बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण 2. अर्नेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण 3. चेक लिस्ट, 4. एफिडेविट। विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की दिनांक 02.03.2026 सुबह 10.00 से दिनांक 16.03.2026 सायं 6.00 बजे तक निर्धारित है।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। सभी दस्तावेज ऑनलाईन स्वीकार होगें। भौतिक रूप से एफ.डी.आर. स्वीकार नहीं होगी।
5. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाईट पर ही किया जावेगा।

(इंजी. आकाश दुबे)
कार्यपालन यंत्री,
लो.नि.वि. (भ/प) संभाग खरगोन

G26932/25



## ई-नीलामी बिक्री सूचना

### एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

CIN - U67100MH2007PLC174759

**पंजीकृत कार्यालय :** एडलवाइस हाउस, पहली मंजिल, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुम्बई - 400098.

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ("नियमावली") के नियम 8(5) एवं (6) नियम 9(1) के अंतर्गत प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल प्रत्याभूत परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

**असाइनर** की वित्तीय सुविधाएं **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** को सौंपी गई हैं, जो दिए गए कॉलम में स्पष्ट रूप से उल्लिखित विभिन्न ट्रस्टों के ट्रस्टी के रूप में कार्य कर रही है। उक्त असाइनमेंट के अनुसरण में, **ईएआरसी** ने असाइनर के स्थान पर कदम रखा और सुरक्षित ऋणदाता के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग किया। **ईएआरसी** ने, सुरक्षित ऋणदाता के रूप में अपनी क्षमता में, सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) और उसके तहत नियमों के तहत नीचे उल्लिखित अचल सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा कर लिया था।
एतद्द्वारा नोटिस सर्व साधारण और विशेषकर कर्जदार और जमानती (ओं) को **15 / 30 दिन की सूचना** दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पक्ष में बंधक अधोल्लिखित अचल प्रत्याभूत परिसंपत्तियाँ जिनका **भौतिक कब्जा** प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी (एओ) द्वारा ले लिया गया है, **ईएआरसी** के देय नीचे वर्णित राशियों और इस पर आगे की ब्याज व अन्य व्यय / लागतों, घटाए कर्जदार और जमानती से **ईएआरसी** को प्राप्त कोई धनराशि, की वसूली के लिए **"जो है जहाँ है" और "जहाँ है, जैसी भी है" और "जो भी है"** आधार पर बिक्री की जायेंगी। प्रत्येक संपत्ति के लिए आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा नीचे वर्णित हैं। इस नोटिस को सुरक्षा प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं नियम 9(1) के तहत बिक्री की सूचना के रूप में माना जाएगा।

**नीलामी के लिए रखीं प्रत्याभूत परिसंपत्ति का विवरण:**

| ऋण खाता सं. / बिक्री संस्थान | कर्जदार / सह-कर्जदार का नाम | ट्रस्ट का नाम | कुल बकाया 06.03.2026 तक | आरक्षित मूल्य (रु. में) | अग्रिम जमा राशि ईएमडी (रु. में) | नीलामी तिथी व समय | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20900041100 and 00800012365 | 1. आरती अग्रवाल (ऋणी), 2. गोविन्द अग्रवाल (सह-ऋणी) | EARC-TRUST-SC-477 | Rs.17,82,088.94 and Rs.10,58,680.73 | Rs. 8,00,000/- | Rs. 80,000/- | 25.03.2026 12:30 PM | भौतिक |

**संपत्ति का विवरण:** सम्पत्ति के समस्त शेष भाग एवं अंश फ्लैटनं. 204, प्लॉट नं. बी-19, एस.एस. इंक्लैब, ब्लॉक-ए, द्वितीय मंजिल, समर्थ पार्क कॉलोनी, ग्राम उमरिया, महू, इन्दौर 454775, मध्यप्रदेश, क्षेत्रफल 625 वर्गफीट, सुपर बिल्टअप 58.08 वर्गमीटर एवं **चर्तु:सीमा** पूर्वः प्लॉट नं. बी-20, पश्चिमः कॉमन पैसेज, उत्तरः प्लॉट नं. बी-18, दक्षिणः फ्लैट नं. 205

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1546378 | 1. लक्ष्मी पेपर प्रोडक्ट (ऋणी), 2. रेखा बीसे (सह-ऋणी) 3. कैलाश बीसे (सह-ऋणी) | EARC-TRUST-SC-410 | Rs. 54,42,330.07 | Rs. 24,00,000/- | Rs. 2,40,000/- | 13.04.2026 12:30 PM | भौतिक |

**संपत्ति का विवरण:** सम्पत्ति के समस्त शेष भाग एवं अंश प्लॉट नं. 118, एवं प्रताप नगर कॉलोनी में निर्मित मकान, ग्राम कालूखेड़ी, तहसील एवं जिला देवास (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर (1452.6 वर्गफीट) **उक्त संपत्ति की चर्तु:सीमा** उत्तरः रोड, दक्षिणः कुमार साहब का प्लॉट नं. 128, पूर्वः श्री प्रकाशचंद्र का प्लॉट नं. 118-ए, पश्चिमः रोड

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5379754 | 1. मेसर्स शिवशंकर किराना (ऋणी), 2. हरीश सितलानी (सह-ऋणी एवं बंधककर्ता) 3. रिया सितलानी (सह-ऋणी) | EARC-TRUST-SC-449 | Rs. 88,55,719.93 | Rs. 14,00,000/- | Rs. 1,40,000/- | 24.03.2026 12:00 Noon | भौतिक |

**संपत्ति का विवरण:** सम्पत्ति के समस्त शेष भाग एवं अंश फ्लैट नं. 302, "गोकुल विहार" तीसरी मंजिल, प्लॉट नं. 58-ए, गोपाल बाग कॉलोनी, इन्दौर, सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल 850.00 वर्गफीट, **उक्त संपत्ति की चर्तु:सीमा**: पूर्वः प्लॉट नं. 58, पश्चिमः फ्लैट नं. 301, उत्तरः रोड, दक्षिणः कॉमन पैसेज एवं फ्लैट नं. 303 एवं 304

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| III00241N | 1. मेसर्स राज स्पोर्ट्स (ऋणी), 2. श्री रविन्द्र सिंह मुच्छाल (सह-ऋणी), इनके कानूनी वारिस द्वारा प्रस्तुत श्रीमती राजदीप कौर (सह-ऋणी) एवं श्री रविन्द्र सिंह मुच्छाल के कानूनी वारिस 3. श्री इश्मीत सिंह मुच्छाल एवं इनके कानूनी वारिस नं. 2 रविन्द्र सिंह मुच्छाल 4. श्रीमती गुनमीत मुच्छाल के कानूनी वारिस नं. 3 रविन्द्र सिंह मुच्छाल | EARC-TRUST-SC-353 | Rs. 1,09,25,098.30 | Rs. 53,00,000/- | Rs. 5,30,000/- | 27.03.2026 11:00 AM | भौतिक |

**संपत्ति का विवरण: संपत्ति नं. 1:** फ्लैट नं. 102, 103, 104 कुल सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल 1306 वर्गफीट प्रथम मंजिल अंजनी अपार्टमेन्ट, म्युनिसिपल मकान नं. 4 एवं 5, सुतार गली, सिटीः इन्दौर, मध्यप्रदेश-452001 एवं **चर्तु:सीमा**: पूर्वः गली, पश्चिमः फ्लैट नं. 101, उत्तरः रोड, दक्षिणः फ्लैट नं. 105 एवं 106, विक्रय विलेख नं. 1A/1625 J/dt.14-01-2005 एसआरओ इन्दौर में अतिरिक्त विवरण
**संपत्ति नं. 2:** फ्लैट नं. 101 एवं 109 कुल सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल 748 वर्गफीट प्रथम मंजिल अंजनी अपार्टमेन्ट, म्युनिसिपल मकान नं. 4 एवं 5, सुतार गली, सिटीः इन्दौर, मध्यप्रदेश-452001 एवं **चर्तु:सीमा**: पूर्वः फ्लैट नं. 102, पश्चिमः गली, उत्तरः रोड, दक्षिणः सीढियाँ, विक्रय विलेख नं. 1A/3394 GH/Dt.23-03-1999 एसआरओ इन्दौर में अतिरिक्त विवरण

**नीलामी प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) **"एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड – ईएमडी अकाउंट"** के पक्ष में मुंबई में देय होगा। | |
| 2. | आरटीजीएस के माध्यम से किये गए ईएमडी भुगतान निम्नलिखित खाते में होंगे: खाता का नाम: **"एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड – ईएमडी खाता"** खाता संख्या: **000405158602**; बैंक का नाम -आईसीआईसीआई बैंक; आईएफएससी कोड: IFSC ICIC0000004 | |
| 3. | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | नीलामी की तिथि से एक दिन पूर्व तक प्राप्त किए जायेंगे। |
| 4. | बोली जमा करने का स्थान | रिटेल सेन्ट्रल ऑफिस, मुम्बई (ऊपर दर्शाये गये पते पर) |
| 5. | नीलामी का स्थान (नीलामी हेतु वेबसाईट) | ई-नीलामी **(https://auction.edelweissarc.in)** |
| 6. | संपर्क विवरण साथ फोन नं. | टोल फ्री नंबर : **1800 266 6540** |
| 7. | संपत्ति के निरिक्षण की तिथि एवं समय | पूर्व समयादेशानुसार |

बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया ईएआरसी की वेबसाइट अर्थात **https://auction.edelweissarc.in** पर दिया लिंक देखें।

**दिनांक : 07.03.2026**
**स्थान : मुम्बई**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**वास्ते एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**

Edelweiss Asset Reconstruction